हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रोहतक अग्निकांड में पूर्ण रूप से बर्बाद दुकानों के मालिकों को 5-5 लाख रुपये, बाकी दुकानों के मालिकों को 2-2 लाख रूपए और जली रेहड़ी के मालिकों को 50-50 हजार रूपए की राहत राशि देने की घोषणा की है। यह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जाएगी।
मुख्यमंत्री ने अग्निकांड में तबाह हुई दुकानों का निरीक्षण करने के उपरांत प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात के दौरान यह घोषणा की।मुख्यमंत्री, अग्निकांड में मारे गए कपिल, सौरभ व अमन के घर भी गए और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।
शहरी स्थानीय निकाय के रिपोर्ट के □ धार पर प्रभावित दुकानदारों को अलग से मु□ वजा दिया जाएगा ।

****

सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल को बेमिसाल बताते हुए कहा कि श्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प की ही देन है कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा दी गई। उनके नेतृत्व में देश में व्यापक बदलाव □ ए हैं। सांसद चौ. धर्मबीर सिंह रविवार को भिवानी के गांव सोंहासड़ा में □ योजित विशेष जन सम्पर्क अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने □ मजन का □ हवान किया कि 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा करने के लिए वो भी को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। सांसद ने कहा कि 2014 से पहले और बाद के भारत का अध्ययन करने से पता चलता है की इन 12 वर्षों में क्या बदलाव □ या है

****

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कल देर शाम फरीदाबाद सेक्टर-16 स्थित सनफ्लैग चौक के सौंदर्यीकरण परियोजना का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सेक्टर-16 मार्केट के जीर्णोद्धार और □ धुनिकीकरण की योजना भी तैयार हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि बिजली की तारों को भूमिगत करने के लिए 2200 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत की गई है। श्री विपुल गोयल ने जलभराव की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में काफी सुधार हु□ है।

****

केंद्र सरकार के 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत फरीदाबाद में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम □ योजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। । इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, बड़कल से विधायक धनेश अदलखा फरीदाबाद जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिखा और अन्य गणमान्य अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद सभी ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाई और नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान श्री गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान जन □ंदोलन का रूप ले चुका है, जिससे लोगों की सोच और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव □ या है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और शुद्ध वातावरण स्वस्थ समाज की □ धारशिला हैं तथा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने □ सपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करे।

****

□ ज सोमवती अमावस्या पर कुरुक्षेत्र में ब्रहम सरोवर पर तड़कसार ही देश के विभिन्न राज्यों से □ ए लाखों श्रद्धालुओं ने □ स्था की डुबकी लगाई और

सुख-समृद्धि की कामना की। सरोवर के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की □ त्म-तृप्ति के लिए पिंडदान और जल तर्पण किया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सोमवती अमावस्या के दिन कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर में स्नान और दान करने का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। स्नान के साथ-साथ यह दिन पितरों की □ त्मा की शांति के लिए पिंडदान हेतु भी बेहद विशेष माना जाता है।

****

जींद जिले के ऐतिहासिक एवं महाभारत कालीन गांव पांडू पिंडारा में पवित्र पिंडतारक तीर्थ पर भी □ ज सोमवती अमावस्या के अवसर पर विभिन्न प्रांतों से □ ए हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में □ स्था की डुबकी लगाई और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अपने पितरों की □ त्मा की शांति के लिए पिंडदान व तर्पण किया। तीर्थ परिसर और □ सपास लगे मेले में श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी भी की।

****